Bareilly, Monday, 3 October 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

PAGE NO, 07 TOP

एसआरएमएस ट्रस्ट ने वितरित की 3 .5 करोड़ की छात्रवृत्ति

स्वतंत्रता सेनानी श्रीराममूर्ति की 34वीं पुण्यतिथि पर रविवार को प्रोफेसर (डा.) शिव नारायण कुरील को प्रतिभा अलंकरण प्रदान करते एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, महापौर डा.उमेश गौतम, विधायक शहजिल इस्लाम और ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति • सौ.एसआरएमएस

जासं, बरेली: स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद स्व. श्रीराममूर्ति की 34वीं पुण्यतिथि पर रविवार को एसआरएमएस स्थित श्रीराममूर्ति शतिक प्रेक्षागृह में श्रद्धांजलि समारोह हुआ। इसमें केजीएमयू के पेडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. शिव नारायण कुरील, ग्वालियर स्थित राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर को श्रीराममूर्ति प्रतिभा अलंकरण दिया गया। इसके तहत सभी को अंगवस्त्र, सर्टिफिकेट और 51 हजार रुपये दिए गए। सालाना कहानी प्रतियोगिता में विजेता निशांत कुमार (कहानी-धरोहर की वापसी, प्रथम पुरस्कार), विकास कुमार (कहानी-बड़प्पन, द्वितीय पुरस्कार), ब्रिज किशोर (कहानी-कद्र भला सो हो भला, तृतीय पुरस्कार), सिद्धांत आर्य (कहानी-अविश्वास की गहराई, सांत्वना पुरस्कार) को भी प्रमाण पत्र के साथ नकद राशि दी गई। माधव राव सिंधिया पब्लिक स्कूल को वाद-विवाद प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में और बरेली कालेज को वरिष्ठ वर्ग में चल वैजयंती दी गई। मेधावियों को 3.5 करोड़ की छात्रवृत्ति दी गई। इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि हम मानवसेवा और राष्ट्र सेवा का उद्देश्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं और कामयाब भी हुए। महापौर डा. उमेश गौतम और कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने श्रीराममूर्ति को श्रद्धांजलि दी। ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने अतिथियों को धन्यवाद दिया। विधायक शहजिल इस्लाम, भोजीपुरा ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल, डीआरएम एनईआर आशुतोष पंत, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी आदि रहे।